**ST. MONTFORT SCHOOL, BHOPAL**

**SPECIAL ASSEMBLY ON DR. AMBEDKAR JAYANTI ON 13TH APRIL 2024**

"Cultivation of mind should be the ultimate aim of human existence."

Dr. Bhimrao Ambedkar

Dr Bhimrao Ambedkar, fondly called as Dr. BR Ambedkar, was a prominent Indian Jurist, Social Reformer, Economist, Politician and Architect of India's Constitution. To honour his fight against caste discrimination and his tireless work for Equal Rights for all, a special assembly was convened at St. Montfort Senior Secondary School, Bhopal on 13th April 2024, witnessed by the Vice Principal Rev. Bro. Gregory Baa, Co-ordinators, teachers and students.

The assembly commenced with a solemn prayer, reflecting the reverence and honour for Dr. Ambedkar's vision of equality and empowerment followed by prayer song which included the garlanding of Dr. Ambedkar's portrait by Vice Principal and co-ordinators. The students adorned in oratory skills, radiated enthusiasm and confidence as they paid homage to the great leader.

The stage was set with vibrant decoration, depicted various stages of Dr. Ambedkar's life. The students began with a Musical Performance followed by the Skit which unfolded in chronological order, portraying key moments and challenges faced and triumphs of Dr. Ambedkar's life.

The tempo of the music picked up as the dancers depicted Dr. Ambedkar's determination to pursue education against all odds through Dance Drama. They showcased his journey through rigorous study and perseverance, symbolized by dynamic choreographic presentation of his life story.

On the auspicious occasion of Ambedkar Jayanti, the Vice Principal commenced the address by extending warm greetings to the assembled teachers, staff, and students. He emphasized the importance of commemorating Dr. Ambedkar's birth anniversary as a tribute to his invaluable contributions to Indian society and the world at large.

Organized by students of Class X under the guidance of efficient class teachers, the assembly was a Heartfelt Tribute to the Architect of the Indian Constitution and a champion of social justice. The program concluded by the repeating chants of Preamble by all the students.

VIDHYA SONWANE

<u>**भारतीय संविधान निर्माता अंबेडकर जयंती 2024 का आयोजन**</u>

**"किसी राज्य का संविधान मूल सिद्धांतों या स्थापित परंपराओं का एक मौलिक समूह होता है जिसके आधार पर राज्य के द्वारा शासन का संचालन किया जाता है। यह सरकार की संस्थाओं के संगठन, शक्तियों और सीमाओं के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों एवं कर्तव्यों के मध्य एक संतुलन की तरह कार्य करता है ।"**

13 अप्रैल 2024, संविधान-जनक, भारत गणराज्य के निर्माता, दलित बौद्ध आंदोलन के प्रेरक, समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर के महान व्यक्तित्व से छात्रों को परिचित कराने के उद्देश्य से सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय की सीनियर सेकेंडरी विभाग में उनका 134वाँ जन्मदिवस विशेष प्रार्थना सभा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रार्थना-गान के साथ डा. बी. आर. अबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण से आरंभ हुआ। छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों में नृत्य,नृत्य नाटिका के माध्यम से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन तथा उनके महान कार्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया, साथ ही नाटिका में बताया गया कि अंबेडकर जी ने पिछड़ों के लिए आवाज उठाई थी। उन्होंने दलित समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष किया था। बाबा साहेब समाज दबे, शोषित, कमजोर, मजदूर और महिला वर्ग को सशक्त बनाना चाहते थे और समाज में बराबर का दर्जा दिलाना चाहते थे। छात्रों ने गीत की प्रस्तुति करते हुए उन मूल्यों के विषय में बताया जो भीमराव अंबेडकर ने स्वतंत्र गणराज्य के लिए रखे थे। सभी ने राष्ट्र को प्रभुत्व सम्पन्न के धार्मिक वैमनस्य से अलग राष्ट्र बनाने की शपथ ली। संविधान कमेटी के सभी सदस्यों विशेष रूप से डॉ. भीमराव अम्बेडकर के भावपूर्ण अभिनय ने प्रभावित किया।

इस अवसर पर विद्यालय उपप्राचार्य ब्रदर ग्रीओरी बा ने छात्रों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि भारतीय समाज में डॉ. अम्बेडकर के अपार योगदान और समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में उनके अनमोल विचार आज भी लोगों को काफी प्रेरित करते हैं। उनकी स्थायी विरासत को मान्यता देते हुए इस विषय के अंतर्गत आप यहां उनके कुछ अनमोल विचार पर ध्यान देकर अपने आपको सशक्त बनाने का काम करेंगे। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति नायर, सिस्टर जैनी, एवं सभी कक्षाओं के कक्षा अध्यापक उपस्थित थे ।

संपूर्ण कार्यक्रम कक्षा दसवीं ए ,बी और सी के छात्रों द्वारा अपनी कक्षा अध्यापिका रश्मि सचिन, बीनू चंदोलिया, एवं समता चावला के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर कोआर्डिनेटर श्रीमती ज्योति नायर द्वारा छात्रों से भारतीय संविधान के नियमों का पालन करने की अपील की क्योंकि अंबेडकर जी ने अपने पूरे जीवन में समानता की वकालत की और कानून की नजर में सभी मित्रों के साथ उचित व्यवहार पर जोर दिया।

राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।

**संगीता हसीजा**

# ST. MONTFORT SR. SEC SCHOOL

## Report on Dr. Ambedkar Jayanti Special Assembly

The Birth Anniversary of Dr. Bhimrao Ramji Ambekar was celebrated enthusiastically on 13th April in the school Auditorium. Special Assembly was presented by the students of class III-B. The celebration commenced with a prayer song followed by paying tribute to the portrait of Dr. Ambedkar by the co-ordinator Sr. Chaithanya. Various creative ways were highlighted with the meaningful thoughts to make the audience aware about the dream of Dr BR AMBEDKAR. With the intense feeling students performed a graceful dance followed by the melodious song. Mrs. Sangeeta Rajput ma'am delivered an informative speech on the life history of Dr. Ambedkar. At last assembly was concluded by the students by their spellbound efforts and bringing the true essence of the day.

Mrs. Geeta Ghodke

# <u>सेंट मोंटफोर्ट स्कूल</u>

## <u>डॉ. अंबेडकर जयंती की विशेष सभा पर विवरण लेखन</u>

डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह 13 अप्रैल 2024 को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, ऑडिटोरियम में मनाया गया। कक्षा तीसरी 'ब' के छात्रों द्वारा सुबह की सभा प्रस्तुत की गई। डॉ. भीमराव अंबेडकर जी भारतीय संविधान के शिल्पकार, आधुनिक भारत के निर्माता, महान समाज सुधारक, सामाजिक समानता के प्रबल पक्षधर माने जाते हैं । उन्हें भारत रतन की उपाधि से भी सम्मानित किया गया हैं। बाबासाहेब ने अपना सारा जीवन भारतीय समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष में बिता दिया। अतः उनके द्वारा इन्हीं कार्यों को प्रस्तुत करते हुए छात्रों द्वारा उनके जीवन पर नाटक प्रस्तुत कर किया गया। सभा का आरंभ छात्रों द्वारा गाए गए प्रार्थना गीत एवं विशेष प्रार्थना से हुआ। अपने प्रगतिशील विचारों के चलते वह आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणा स्रोत है। उनके जीवन के इस संघर्ष को विद्यार्थियों ने सुंदर लघु नाटिका प्रस्तुति के माध्यम से दर्शाया। इस श्रृंखला में छात्र-छात्राओं द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया। आगे बढ़ते हुए छात्रों ने दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पैर थिरकाने वाला नृत्य और समूह गीत प्रस्तुत किया। अंत में ज्ञानवर्धक विचारों के साथ श्रीमती संगीता राजपूत मैडम ने अंबेडकर जयंती पर भाषण प्रस्तुत किया और छात्रों को ज्ञान पर आधारित भाव भाईचारे को स्वीकार करने शांति और न्याय को बढ़ावा देने के बारे में समझाया अंत में राष्ट्रगान के बाद छात्र अपनी-अपनी कक्षा में चले गए।

सुश्री अनिता यादव

# ST. MONTFORT SCHOOL, PATEL NAGAR

## Report on Special Assembly on Dr. Ambedkar Jayanti

**"Freedom of mind is the real freedom. A person whose mind is not free, though he may not be in chains, is a slave, not a free man**".

The Birth Anniversary of Dr. Bhimrao Ambedkar, a visionary leader and architect of the Indian Constitution, was celebrated on 13th April,24 in the Premises of St. Montfort School, Primary Wing by the students of class IIB. Students commenced the assembly with a prayer song which was followed by the motivational thoughts and also delivered an informative speech on the life history of Dr. Ambedkar.

At last, a dance presentation by the students mesmerized all. The assembly concluded with the addressal of Brother Bala, who motivated the students to follow Dr. Ambedkar's footsteps and inculcate his values in their lives to achieve their aim and uplift society.

**Nisha Ramchandani**

# <u>सेंट मोंटफोर्ट स्कूल, पटेल नगर, भोपाल</u>

## <u>अंबेडकर जयंती असेंबली रिपोर्ट</u>

अंबेडकर जयंती रिपोर्ट *13.04.2024* इंसान जन्म से ही नहीं अपने कर्मों से महान बनता है। ऐसी ही महानता अपने कर्मों से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अर्जित की उनके महान व्यक्तित्व से छात्रों को परिचित कराने के उद्देश्य से सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय की प्राइमरी शाखा में *13.04.2024* को कक्षा दूसरी ब के छात्रों द्वारा स्पेशल असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन से छात्रों को परिचित कराया तथा रंगारंग कार्यक्रम - समूह गान, नृत्य की प्रस्तुति द्वारा उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ब्रदर बाला उपस्थित थे उन्होंने छात्रों को अंबेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिए छात्रों को प्रेरित किया।

**उमा थोराट**